भारत सरकार

वस्त्र मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1987

29 अगस्त, 2012 को उत्तर दिए जाने के लिए

अखिल भारतीय स्तर पर पावरलूम उद्योगों का सर्वेक्षण

1987. श्री सी. एम. रमेश:

क्या **वस्त्र मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि मंत्रालय ने केवल उत्तरी क्षेत्रों में पावरलूम उद्योग में हुए विकास का आकलन करने के लिए एक सर्वेक्षण किया था; और

(ख) यदि हां, तो अखिल भारतीय स्तर पर ऐसा सर्वेक्षण नहीं किए जाने के क्या कारण हैं?

उत्तर

वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती पनबाका लक्ष्मी)

(क) और (ख): मंत्रालय ने विद्युतकरघा क्षेत्र के सभी ब्यौरे अर्थात विद्युतकरघों की संख्या, इकाईयों की संख्या, प्रौद्योगिकीय स्तर, उत्पाद और बाजार आदि प्राप्त करने के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित अखिल भारत स्तर पर विद्युतकरघा सर्वे शुरू किया है । अखिल भारत विद्युतकरघा सर्वे का कार्य मैसर्स एसीनेलसन ओआरजी-मार्ग प्रा. लि., नई दिल्ली को सौंपा गया है । यह सर्वे दिसंबर, 2012/जनवरी 2013 तक पूरा होने की आशा है ।